आकाशवाणी शिमला
14.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पर्यटन के बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में प्रतिबद्ध है। बिलासपुर ज़िले के औहर में आज एक नए पर्यटन परिसर के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए पर्यटन क्षेत्र को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है ताकि युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि औहर में पर्यटन परिसर का निर्माण 33 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से किया जाना है और आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण ये परिसर पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने पर्यटन परिसर को गोबिंद सागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके। इस पर्यटन परिसर का कार्य दो वर्ष के भीतर पूरा होने की संभावना है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सरकार प्रदेश का एक समान विकास करवाने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है। शिमला ज़िले के रोहडू में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि रोहडू से उनका पारिवारिक रिश्ता रहा है और स्थानीय विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का योगदान भी अभूतपूर्व रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने रोहडू क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के नवीनीकरण के लिए डेढ़ करोड़ रूपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि रोहडू में सीमा कॉलेज में प्रस्तावित बहुउद्देशीय भवन के निर्माण कार्य की सभी औपचारिकताएं पूरा कर जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

श्रीखंड यात्रा

उत्तर भारत की सबसे कठिन, रोमांचक व धार्मिक श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस. रवीश द्वारा आधार शिविर सिंहगाड़ से यात्रियों को आज सुबह हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 18 हजार 5 सौ 70 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव तक पहुँचने के लिए भक्तों को 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान बर्फ के छह ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए है। यह यात्रा 27 जुलाई तक चलेगी। श्रीखण्ड महादेव यात्रा के लिए इस बार साढ़े 4 हजार श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। प्रशासन ने यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से कूड़ा–कचरा विशेषकर प्लास्टिक का कचरा जंगल में न फैंकने और मादक पदार्थों सेवन न करने का आग्रह किया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले में जुब्बल के झड़ग–नकराड़ी स्कूल भवन का आज उद्‌घाटन किया। इस भवन के निर्माण पर एक करोड़ 55 लाख रूपए खर्च हुए हैं। स्कूल परिसर में हुए एक समारोह में शिक्षा मंत्री ने कहा कि विपरीत वित्तीय परिस्थितियों और राजनीतिक संकट के बावजूद सरकार पूरे प्रदेश में अभूतपूर्व और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह से टी.जी.टी. बैचवाईज़ अध्यापकों की नियुक्ति शुरू कर दी गई है और करीब 6 हज़ार शिक्षकों के पदों को जल्द भरा जाएगा।

नीति आयोग

नीति आयोग ने स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के आकांक्षी जिलों में 4 जुलाई से 30 सितंबर तक 3 महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के शुभारम्भ पर देश भर के एक सौ 12 आकांक्षी जिलों और पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों को इस अभियान के महत्व के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत विशेष कर 6 संकेतकों पर अगले तीन माह कार्य किया जाना है। इन संकेतकों में गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण देना, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच करने सहित स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना शामिल है। इसी कड़ी में देश के आकांक्षी जिला चंबा में भी इन 6 संकेतकों के तहत सम्पूर्णता अभियान शुरू कर दिया गया है और जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

सेब सीज़न

सेब सीज़न कल से शुरू होने जा रहा है। सेब सीज़न को देखते हुए शिमला ज़िले के फागू और बलग में सेब नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने आज फागू में स्थापित सेब नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और नियंत्रण कक्ष में मौजूद स्टाफ को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेब सीज़न के दौरान बागवानी, राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारी दिनरात नियंत्रण कक्ष में तैनात रहेंगे।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि हाल ही में हुए उपचुनाव में जनता ने धनबल व षड्यंत्र को हराया है और जनता की जीत हुई है। पार्टी प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने खरीद–फरोख्त की राजनीति को नकार कर अपना वोट राजनीतिक पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अब संवैधानिक तरीके से विपक्ष की भूमिका निभाने और सरकार को गिराने के षड्यंत्र छोड़ने की ज़रूरत है।

....